No. of Printed Pages : **4**

बी.एस.के.एफ.-001

01375

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2012
बी.एस.के.एफ.- 001

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं चार** को शुद्ध रुप में लिखिए : 2

पतंजली , प्रगती , सुदेष , उतरायण , उर्जा , क्षोधित।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी एक को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्त्ति कीजिए : 2

(i) सः पुत्रस्य ______ प्रसन्नः ।(जन्मात् ,जन्मना)

(ii) युवां गीतम् ______ । (अगायतम् , अगीतम्)

(iii) किं त्वं बालकाय ______ ।(कुप्यति , कुप्यसि)

(iv) पिता रत्नाकरो यस्य लक्ष्मीर्यस्य ______ ।

(सहोदरी , सहोदरा)

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : 2

(i) तद् (पुल्लिङ्ग) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(ii) नामन् (नपुसंकलिङ्ग) तृतीया विभक्ति , बहुवचन

(iii) रमा (स्त्रीलिङ्ग)षष्ठी विभक्ति, द्विवचन

(iv) पितृ (पुल्लिङ्ग)पञ्चमी विभक्ति, एकवचन

(ख) निम्नलिखित धातुरूपों में धातु , लकार , पुरूष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

भवितासि , लेखिष्यथ , याचेत , तिष्ठ ।

3. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग करके दिखलाइए : 4

ग्रहीतुम् वैयाकरणः आगम्य, कथयितुम् ।

4. निम्नलिखित कर्तृवाच्य के प्रयोगों को कर्मवाच्य में प्रयोग कीजिये : 4

(i) छात्रः कथां लिखति ।

(ii) राधा वस्त्राणि सीव्यति ।

(iii) रामः गृहं गच्छति।

(iv) सा हस्तं क्षालयति।

5. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 2

षण्मुखः, क्रतुरिह, साघोऽत्र, महौषधिः।

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वर्णों के उच्चारण स्थान लिखिए। 2

थ्, इ, ऱ्, व्।

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर लगभग 100-150 शब्दों के लघु निबन्ध लिखिए : 8

(क) कादम्बरी

(ख) प्रतिमा नाटक

(ग) कठोपनिषद्

(घ) महाकवि कालिदास

7. निम्नलिखित में से **किन्हीं एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : 8

(क) भारतीय-संस्कृतेः महत्त्वम्

(ख) राष्ट्रपिता महात्मागान्धिः

(ग) जीवने अनुशासनस्य महत्ता

(घ) राष्ट्रमण्डलक्रीडा

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

अतिथिः सर्वभूतानामग्निः सोमो गवाममृतम्।
सनातनोऽमृतो धर्मो वायुः सर्वमिदं जगत्।।

(क) समस्त प्राणियों का अतिथि कौन है?

(ख) अमृत क्या है?

(ग) सनातन धर्म किसे कहते हैं?

(घ) यह जगत् क्या है?

9. निम्नलिखित में से **किसी एक** की सन्दर्भ -सहित व्याख्या कीजिए 4

(क) अद्य प्रभृत्यवनताङ्गि तवास्मि दासः क्रीतस्तपोभिरिति वादिनि चन्द्रमौलौ । अह्नाय सा नियमजं क्लममुत्ससर्ज क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते ।।

(ख) काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।
सद्यः परनिर्वृत्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।

(ग) सर्वस्य हि परीक्ष्यन्ते स्वभावा नेतरे गुणाः ।
अतीत्य हि गुणान्सर्वान्स्वभावो मूर्ध्नि वर्तते ।।

10. आप ने इस वर्ष की परीक्षा में अच्छे अङ्क लाकर प्रथम श्रेणी में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है , आप इसके बाद शोधकार्य हेतु विश्वविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं । यह सूचना देते हुये संस्कृत में पत्र लिखकर अपने माता -पिता से शोधकार्य हेतु अनुमति माँगें । **6**

अथवा

निम्न बातों को आधार में रखकर संस्कृत में समाचार लिखें -
घटना -अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के विरोध में सत्याग्रह आन्दोलन किया ।
क्या हुआ -जनता का सम्पूर्ण सहयोग मिला और जानी-मानी हस्तियों ने सराहना की ।
कब हुआ -अप्रैल मास में।
स्थान - जन्तर मन्तर।